बाबा का जन्मदिन आया | By Shyam Ladla Sukhbir Singh

बाबा का जन्मदिन आया बड़ा सुन्दर दरबार सजाया
के खाटू चलो मौज मिलेगी प्रेमियों की फ़ौज मिलेगी

कीर्तन भी होंगे बाबा हर धर्मशाले में
डूबेंगे प्रेमी सारे खाटूवाले में
ढोल भी बजेगा नगाड़े भी बजेंगे
बाबा के भजनो पे ठुमके भी लगेंगे
श्याम ने रंग जमाया जमाया जमाया
बाबा का जन्मदिन आया...................

खाटू नगरिया सजी है गुब्बारों से
गलियां वहां की भरी हैं श्याम प्यारों से
बाबा का बर्थडे है केक कटेगा
केक कटेगा तो सबमें बंटेगा
भक्तों का त्यौहार है आया है आया है आया
बाबा का जन्मदिन आया..................

नाचेगा मोहन सभी को नचायेगा वो
मोहित है जिसपे उसे ही बुलाएगा वो
खाटू में बरसेगी फुल ऑन मस्ती
जिसके लिए सारी दुनिया तरसती
बाबा ने हमको बुलाया बुलाया बुलाया
बाबा का जन्मदिन आया.................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-shyam-ladla-sukhbir-singh/